सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में तकनीकी दृष्टि से अपडेट रहना जरूरी

बीकानेर @ पत्रिका. सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से उद्यमी विद्यार्थियों, महिला स्वयं सहायता समूहों और उभरते स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार को नगर विकास न्यास सभागार में संभाग स्तरीय कार्याशाला आयोजित की गई। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के युग में हर व्यक्ति को तकनीकी दृष्टि से अपडेट रहना जरूरी है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के आयुक्त संदेश नायक ने कहा कि बीकानेर संभाग स्तर पर आई स्टार्ट इन्क्यूबेटर का शुभारम्भ जल्द किया जाएगा। कार्यशाला में 200 से अधिक प्रतिभागियों को दो सत्रों में आई स्टार्ट प्रोग्राम के बारे में बताया गया। विभाग के संयुक्त निदेशक सत्येंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि कार्यशाला में 'बीकानेर में उभरते स्टार्टअप नव विचारों को सही दिशा कैसे प्रदान की जाए' विषयक पर पैनल चर्चा की गई।